डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 262 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 06 जुलाई 2024 | मूल्य 2 रुपया




## गुप्त नवरात्री आज से...

## घोड़े पर सवार होकर आ रहीं माता

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आषाढ महीने की गुप्त नवरात्र आज 6 जुलाई आषाढ शुक्ल प्रतिपदा शनिवार से शुरू होगी। यह 15 जुलाई नवमी तक दस दिन रहेगी। इन दस दिन में आदिशक्ति की पूजा-अर्चना के साथ जगन्नाथ रथयात्रा और विनायक चतुर्थी पर्व भी मनाए जाएंगे। शक्तिपीठों में दस महाविद्याओं के साथ देवी के नौ स्वरूपों का पूजन होगा। तंत्रसाधक माता की वामाचार आराधना करेंगे। नवरात्र का समापन नवमी भड़रिया पर होगा। यह दिन अबूझ मुहूर्त वाला है।




इस वर्ष आषाढ की गुप्त नवरात्र अमृतसिद्धि योग में मनाई जाएगी। मान्यता है कि इस योग में जो भी शुभ कार्य किया जाता है, उसकी स्वत: सिद्धि होती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस बार गुप्त नवरात्र पर माताजी अश्व पर आरूढ होकर आएंगी। शक्तिपीठों में गुप्त नवरात्र की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शनिवार को शुभ मुहूर्त में आस्था के साथ गुप्त नवरात्र की घटस्थापना की जाएगी। जानकारों के अनुसार आज 06 जुलाई को घटस्थापना या कलश स्थापना, मां शैलपुत्री की पूजा होगी। 07 को माता ब्रह्मचारिणी की पूजा, आठ को माता चन्द्रघण्टा की पूजा, 09 को मां कूष्माण्डा की पूजा होगी। 10 को माता के स्कन्दमाता स्वरूप की पूजा, 11 को माता कात्यायनी व 12 को माता कालरात्रि की पूजा होगी। 13 को दुर्गाअष्मी मनाई जाएगी व महागौरी की पूजा होगी। 14 को माता सिद्धिदात्री की पूजा होगी और 15 जुलाई को नवरात्र व्रत का हवन, पारण होगा।

### यह हैं देवी की दस महाविद्याएं...

मां काली, मां तारा, मां त्रिपुर सुंदरी, मां भुवनेश्वरी, मां छिन्नमस्ता, मां त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, मां बगलामुखी, मां मातंगी व मां कमला। ज्योतिषाचार्य जनार्दन शुक्ला ने बताया कि साल में दो गुप्त नवरात्र, एक चैत्र नवरात्र और एक शारदीय नवरात्र होती है। तंत्र-मंत्र की साधना के लिए आषाढ की गुप्त नवरात्र अच्छी मानी जाती है। गुप्त नवरात्र में रात्रि को साधना का महत्व है। गुप्त नवरात्र की गौरी तृतीया व्रत 8 जुलाई को है। इस दिन विवाहित महिलाएं और विवाह योग्य युवतियां व्रत रखती हैं। मान्यता है कि गौरी तृतीया व्रत करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है, पति की आयु बढ़ती है। इसके अलावा मनचाहे जीवनसाथी की मनोकामना भी पूर्ण होती है। इस दिन माता पार्वती के गौरी स्वरूप की पूजा करते हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार गुप्त नवरात्र की पूजा के लिए कलश स्थापना का मुहूर्त आज छह जुलाई सुबह 5.11 बजे से सुबह 7.26 बजे तक है। इसके अलावा इस दिन अभिजीत मुहूर्त सुबह सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक है। इस मुहूर्त को कलश स्थापना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

# पहले का हिसाब- किताब नहीं, इस बार की प्लानिंग कागजों में भी नहीं दिख रही..!

## पौधरोपण को लेकर न अधिकारी गंभीर और न जनप्रतिनिधि, आपसी टकराव के बीच आ गई बारिश



**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका ने इस बार करीब एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। लेकिन, फिलहाल अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के टकराव के बीच मामला ही उलझ गया है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधि की बिगड़ी हुई ट्यूनिंग से पौधरोपण अभियान प्रभावित हो रहा है। अभी तक कोई ठोस प्लानिंग ही तैयार नहीं की गई है। इधर पिछले साल भी नगर पालिका ने टैंडर जारी कर पौधे लगाए थे। वार्डो से लेकर उद्यानों में पौधे लगाने के दावे किए गए। लेकिन, उन पौधों का सत्यापन आज तक नहीं हुआ। यह कहानी हर साल दोहराई जाती है। इस बार भी एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चली नगर पालिका निश्चित रूप से कागजों में एक लाख पौधे लगाकर बिल भी पास कर देंगी। लेकिन, पौधे लगे कहां और किस स्थिति में है, इसका रिकॉर्ड नहीं होगा।

शासन से लेकर प्रशासन बारिश के इस दौर में पौधे लगाने को लेकर गंभीर है। लेकिन शहर सरकार अब तक इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है। शहर की सड़को पर बने डिवाईडर से लेकर शहर में उद्यान विरान पड़े है और तालाब से लेकर नदी के किनारें भी, लेकिन नगर पालिका ने अब तक पौधारोपण अभियान को लेकर न तो तैयारी शुरु की है और न कितने पौधे लगाना है और इस बार शहर में कितने पौधें कहां लगेंगे, ऐसा कुछ तय किया है। मानसून ने दस्तक भी दे दी है। इसके बाद भी नपा शहर में हरियाली के लिए गंभीर नहीं दिख रही है। नपा में पार्षदों के साथ बैठक तो हुई लेकिन इस पर निर्णय नहीं हुआ। इसी कारण अब तक पौधे लगाने को लेकर नगर पालिका में हलचल ही नहीं दिख रही है। जबकि, शासन के निर्देश के बाद कलेक्टर ने कई दिनों पूर्व स्थान चिन्हित करने से लेकर पौधे लगाने की तैयारी करने के लिए कहा था।

### आपसी टकराव में उलझे...

तीन दिन पहले सीएमओ के खिलाफ पार्षदों ने मोर्चा खोला और निंदा प्रस्ताव के लिए आवेदन नपाध्यक्ष को दिया। मतलब अफसरों और जनप्रतिनिधियों के बीच टकराव में कोई ठोस प्लान नहीं बन पा रहा। जबकि, प्रदेशभर में पौधे लगाने को लेकर अभियान शुरू हो गए है और तैयारियां चल रही है, लेकिन शहर में इसके के लिए कोई गंभीर नहीं है। नपा के अधिकारियों को भी इसमें रुचि नहीं है और न हीं नपा में जनप्रतिनिधियों को इसमें रुचि है। इसी कारण इस पर अब तक प्लानिंग से लेकर तैयारियां कुछ भी शुरू नहीं हुआ है। उद्यान शाखा की बैठक पिछले दिनों हुई भी सही, लेकिन बैठक में उद्यानों में पौधे लगाने से लेकर उद्यानों की सूरत बदलने और इनके कायाकल्प करने को लेकर कोई ठोस प्रयासों व योजना पर निर्णय नहीं हुआ।

### डिवाईडरों को मिट्टी का इंतजार...

एक और नगर पालिका शहर में पौधे लगाने के लिए जगह ढूंढ रही है। वहीं दूसरी और शहर में संजीत रोड से लेकर कलेक्ट्रेट, ऋषियानंद कुटिया से लेकर गुराडिया बायपास की बात हो या अन्य रोड जहां भी डिवाईडर के साथ सडके है। उन डिवाईडरों पर पौधे ही नहीं लगे हैं। कई जगहों पर पौधे तो ठीक डिवाईडरों में अब तक मिट्टी भी नहीं डली है और डिवाईडरों में मिट्टी डालने का काम भी दो विभागों के बीच उलझा हुआ है। लोक निर्माण विभाग की सड़को पर बने डिवाईडरों में पौधे व मिट्टी नहीं है। लोक निर्माण विभाग नपा का इंतजार कर रही है तो नपा लोक निर्माण विभाग की सड़क के कारण प्रयास नहीं कर रही।

### कागजों में लगाए लाखों पौधे...

नगर पालिका परिषद के गठन के पहले भी बारिश के दिनों में नपा ने लाखों पौधे लगाए थे। इसके लिए टैंडर तक जारी हुए थे, लेकिन उन पौधों का रोपण कहां हुआ और कहां पौधे लगाने के साथ चल भी रहे या नहीं, इसका सत्यापन आज तक नहीं हुआ। विरान पड़े उद्यान हो या हरियाली से दूर डिवाईडर कहीं पर भी पौधें शहर में नहीं दिख रहे। बावजूद नपा ने यहां हरियाली के लिए पहल नहीं की। इस बार जब प्रशासन व विभाग पौधे लगाने की तैयारियों में जुटे है तब भी नपा इसे लेकर गंभीर नहीं है।

## अवैध शराब के साथ पकड़ाया गौ तस्कर

### आरोपी पर एमपी-राजस्थान में दो दर्जन अपराध दर्ज

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एमपी और राजस्थान में दो दर्जन अपराध कर पुलिस को छका रहा बदमाश जहरीली शराब के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश, राजस्थान के कई जिलों में 25 से अधिक अपराध दर्ज है। इसमें 17 गौ तस्करी के मामले हैं। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी को 60 लीटर अवैध जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि गोवंश तस्करी के जुड़े तस्करों का डोजियर तैयार किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत पिपलियामंडी एसआई नितिन कुमावत की टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान कनघटटी रोड पर अन्तराज्यीय गो तस्कर रहीम से बिना नंबर की गाड़ी पर 2 नीले रंग की प्लास्टिक की केनों में 60 लीटर जहरीली अवैध कच्ची शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ शराब तस्करी के मामले के प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला की आरोपी आदतन अपराधी है। आरोपी रहीम के खिलाफ मध्यप्रदेश राजस्थान के कई जिलों में गोवंश तस्करी, शराब तस्करी, अवैध हथियार रखने, डराने धमकाने, मारपीट करने और जुआ खेलने जैसे संगीन 25 से अधिक अपराध दर्ज हैं।

## तीन बदमाशों की पुलिस ने जमानत निरस्त कराई

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने जमानत निरस्तीकरण अभियान के तहत तीन आरोपियों की जमानत निरस्त कराने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने बताया कि पिपलियामंडी पुलिस द्वारा गंभीर अपराध के आरोपी नानकिया उर्फ नानालाल पिता घीसालाल बावरी उम्र 42 साल निवासी काचरिया चन्द्रावत, दिलीपसिंह पिता भेरूसिंह बावरी उम्र 32 साल निवासी काचरिया चन्द्रावत एवं लक्ष्मण उर्फ बाणिया पिता सत्यनारायण बावरी उम्र 30 साल निवासी आक्या पालरा की सत्र न्यायालय से जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही की है।

पुलिस ने बताया कि शासन द्वारा गंभीर अपराध के अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने के संबंध में आरोपियों की जमानत निरस्त करने हेतु शासन स्तर पर सर्वोच्च प्राथमिकता से अभियान चलाया जा रहा है, जिससे कि गंभीर अपराध में जमानत पर रिहा हुए अपराधियों द्वारा पुन: अपराध घटित करने पर उनकी न्यायालय के द्वारा जमानत निरस्तीकरण करवाकर प्रभावी कार्यवाही की जा सकें। उक्त अभियान की मॉनिटरिंग शासन स्तर एवं पुलिस मुख्यालय स्तर पर सतत् रूप से की जा रही है। इसमें आरोपी नानकिया उर्फ नानालाल पिता घीसालाल बावरी उम्र 42 साल निवासी काचरिया चन्द्रावत द्वारा धारा 399, 402 भादवि, 25, 17 आर्म्स एक्ट का घटित किया था, जिसमें सत्र न्यायाधीश मंदसौर द्वारा 04 अप्रैल 22 को सशर्त जमानत दी थी कि वह पुन: अपराध घटित नहीं करेगा। आरोपी द्वारा सशर्त जमानत का लाभ प्राप्त करने के बाद पुन: थाना पिपलियामडी पर अपराध धारा 379, 411 भादवि का अपराध घटित किया था। जो कि न्यायालय की जमानत शर्तो का उल्लंघन था। इसी तरह आरोपी दिलीपसिंह पिता भेरूसिंह बावरी उम्र 32 साल निवासी काचरिया चन्द्रावत द्वाराधारा 399, 402 भादवि, 25, 17 आर्म्स एक्ट का घटित किया था, जिसमें सत्र न्यायाधीश मंदसौर द्वारा दिनांक 30.03.22 को सशर्त जमानत दी थी की वह पुन: अपराध घटित नहीं करेगा। आरोपी द्वारा सशर्त जमानत का लाभ प्राप्त करने के बाद पुन: थाना पिपलियामंडी पर धारा 34(2) भादवि का अपराध घटित किया था। आरोपी लक्ष्मण उर्फ बाणिया पिता सत्यनारायण बावरी उम्र 30 साल निवासी आक्या पालरा द्वारा धारा 399, 402 भादवि, 25, 17 आर्म्स एक्ट का घटित किया था जिसमें सत्र न्यायाधीश मंदसौर द्वारा 06 अप्रैल 22 को सशर्त जमानत दी थी की वह पुन: अपराध घटित नहीं करेगा। आरोपी द्वारा सशर्त जमानत का लाभ प्राप्त करने के बाद पुन: थाना नारायणगढ पर धारा 294, 323, 506 भादवि व एक अन्य मामले में धारा 294, 323 भादवि का अपराध घटित किया था। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मण उर्फ बाणिया बावरी उम्र 30 साल निवासी आक्या पालरा के विरूद्ध 24 अपराध पंजीबद्ध है।

## महिला ने लगाया पटवारी पर 10 हजार रु. की रिश्वत लेने का आरोप

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गांव सोमिया के पटवारी नन्दलाल रेटवा के खिलाफ फिर एक महिला ने रिश्वत मांगने की शिकायत तहसीलदार को की। सुमित्राबाई पति दिनेशचन्द मालवीय ने शिकायत में बताया कि पटवारी ने भूमि नामान्तरण व पट्टा दिलाने का एवज में 10 हजार रुपए दिए, लेकिन रुपए लेने के बाद भी कार्य नही हुआ। महिला ने पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उल्लेखनीय है कि 10 दिन पूर्व जान्याखेड़ी के किसान गिरधारीलाल पिता नन्दा बागरी ने भी पटवारी नन्दलाल के खिलाफ पावती बनवाने के एवज में 15 हजार रुपए लेने के बाद भी काम नही करने का आरोप लगाया था। रिश्वत की मांग की आडियो भी वायरल हुई थी। जबकि पटवारी नंदलाल ने आरोप गलत बताए थे।

## सोनी में लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** समीपी गांव सोनी में अलमारी का लॉक तोडकर चोर लाखों के जेवर व नकदी चोरी कर ले गए। सोनी निवासी नारायणसिंह पिता भेरुसिंह शक्तावत ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रात्रि नींद खुली तो पास वाले कमरे में गया तो वहां अलमारी खुली थी, पूरा सामान बिखरा था। अलमारी में रखे 5 हजार रुपए नकदी, चांदी के पायजेब, चांदी के सिक्के, सोने की पोची, सोने की रकडी, सोने की बाली, सोने के लोंग लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर नही थे। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## प्रताड़ना से परेशान हो की थी आत्महत्या

### पुलिस ने जांच के बाद पति के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पति की प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने मौत को गले लगाया था। पुलिस जांच में यह सामने आया है।

नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के कयामपुर में विवाहिता द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच के बाद पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज तक उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 जून को सुलोचना बाई पति मुकेश कुमार भांड (31) निवासी लेदीखुर्द थाना भानपुरा हाल मुकाम इन्दिरा कलोनी कयामपुर ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। नाहरगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज किया था, जिसकी जांच एसडीओपी कीर्ति बघेल को सौंपी गई।

उन्होंने जांच शुरू की तो पता चला कि आरोपी पति मुकेश की पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी थी। उसने छह साल पहले सुलोचना से दूसरी शादी यानी नातरा किया था। दोनों का कोर्ट में विवाह अनुबंध भी हुआ था। शुरुआत में तो सब कुछ ठीक चला। लेकिन, बाद में आरोपी पति ने शराब पीकर झगड़े व मारपीट करना शुरू कर दिया। मृतिका ने अपने परिजनों को पति द्वारा मारपीट करने और घर खर्च के रुपए ना देने और घर से रुपए छीनकर ले जाने की बात बताई थी। जांच में यह भी पता चला की आरोपी के किसी और महिला से भी संबंध है। रोज- रोज की मारपीट से परेशान होकर विवाहिता ने 26 जून को जहर खा लिया था। जिसे परिजन मंदसौर बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टरों में उसे मृत घोषित कर दिया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ आत्महत्या की लिए प्रेरित करने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## शराब के नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक, किया हंगामा, पुलिस ने कराया मेडिकल

**शामगढ़, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के खजूरीपंथ गांव में एक शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंचा, इसका एक वीडियों भी सामने आया। शिक्षक की शिकायत ग्रामीणों ने सरपंच को की, जिसके बाद पुलिस को अवगत कराया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शिक्षक को थाने बुलाया और उसका मेडिकल परीक्षण करवाया गया। मामलें पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने भी संज्ञान लिया और कार्रवाई की बात कहीं।

मिली जानकारी के अनुसार खजूरी पंथ के शासकीय मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक श्याम सुंदर मेहर शुक्रवार दोपहर को शराब के नशे में स्कूल पहुंचकर वहां सो गया, ग्रामीणों ने शराब पीकर स्कूल आने के बारे में पूछा तो विवाद करने लगा। इसके बाद ग्रामीणों ने सरपंच के साथ शामगढ़ थाना पुलिस को एक आवेदन देकर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार शिक्षक की जेब से शराब की शीशी भी मिली है। शामगढ़ टीआई उदय सिंह अलावा ने बताया कि खजूरी पंथ ग्राम पंचायत के द्वारा एक आवेदन मिला है। इसके बाद शिक्षक को थाने लेकर आए हैं फिलहाल वह शराब के नशे में है। उसका मेडिकल करवाया जा रहा है। मामला शासन स्तर का है। शिक्षकों निलंबित करने की कार्रवाई कलेक्टर द्वारा की जा सकती है। बहरहाल, शराबी शिक्षक का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है।

## कार से पकड़ा 60 किलो डोडाचूरा

### एक गिरफ्तार, एक फरार

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कार से 60 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया वहीं एक फरार है। नारायणगढ़ पुलिस ने छोटी गुड़भेली फन्टे पर नाकाबंदी कर कार (डीएल 2 सीएएम 1535) को रोका, इस दौरान कार में सवार युवक भागे, पुलिस ने पीछा कर एक आरोपी को पकड़ा। कार की तलाशी लेने पर उसमें तीन कट्टों में भरा 60 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मामले में आरोपी गुलाबखेड़ी (नीमच सिटी) निवासी महेन्द्रसिंह उर्फ बबलू (33) पिता संतोषसिंह बोराना को गिरफ्तार कर लिया। वहीं आपूखेड़ी निवासी प्रहलादसिंह सौंधिया फरार है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर डोडाचूरा व कार जब्त की।

## सीबीआई आई, स्वास्थ्य विभाग अंजान

### श्रीजी नर्सिंग कॉलेज पर मारा छापा, 36 घंटे खंगाले कागजात, बड़े अस्पताल भी पहुंची



**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नर्सिंग कॉलेज घोटाले के बाद मंदसौर भी सुर्खियां बटौर रहा है। पहले गोस्वामी बंधुओ के कारण तो अब श्रीजी नर्सिंग कॉलेज के संचालन पर सीबीआई की टेढ़ी नजर। सीबीआई दिल्ली की टीम ने श्रीजी नर्सिंग कॉलेज सहित एक अन्य कॉलेज पर छापा मारा। बताया जाता है कि इसके बाद टीम के सदस्यों ने बड़े अस्पताल की तरफ भी रुख किया।

उल्लेखनीय बात है कि सीएमएचओ कार्यालय पर भी कागजातों को खंगालने के लिए टीम गई होगी। लेकिन, प्रभारी सीएमएचओ इससे अंजान है। इसके अलावा बड़े अस्पताल प्रबंधन को भी इसकी जानकारी नहीं लगी। नर्सिंग कॉलेज जांच में सामने आए रिश्वतकांड के मामले में कई अफसरों सहित अन्य कईयों पर एफआईआर हुई। इसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी के पति मुकेश गोस्वामी और देवर ओम गोस्वामी का नाम भी सामने आया। इनके खिलाफ भी सीबीआई ने कार्रवाई की। जांच में यह भी सामने आया था कि ओम गोस्वामी ने मंदसौर के कॉलेजों से उगाई कर रुपए अफसरों तक पहुंचाए थे। जबकि मुख्य आरोपी सीबीआई अफसर राहुल राज ने मंदसौर के पशुपतिनाथ नर्सिंग कॉलेज, आचार्य सूरी नर्सिंग कॉलेज, मंदसौर इंसटीटयूट ऑफ कॉलेज और ज्ञान विहार कॉलेज भैसोदा की भी जांच की थी। इस मामले में सुर्खियों में रहने वाले श्रीजी नर्सिंग कॉलेज का नाम भी जमकर सामने आया था। कई अनियमितताओं के बाद भी इस कॉलेज को सूटेबल की लिस्ट में डाल दिया गया। जब मामला दोबारा सामने आया तो सीबीआई जांच के निशाने पर श्रीजी नर्सिंग कॉलेज भी रहा। यहीं कारण है कि दिल्ली की स्पेशल टीम ने कल श्रीजी नर्सिंग कॉलेज सहित दो जगहों पर दबिश दी। अधिकारी रातभर और दिनभर कागजात खंगालते रहे।

### दस्तावेज सीएमचओ, सीएस कार्यालय पर...

नर्सिंग कॉलेज में कई अनुमति या नियुक्ति संबंधित काम सीएमएचओ एवं सीएस कार्यालय से होते हैं। बताया जाता है कि टीम ने बड़े अस्पताल की तरफ भी रुख किया। वाजिब बात है कि बड़े अस्पताल के ऊपर बने सीएमएचओ कार्यालय भी टीम के सदस्य पहुंचे होंगे। लेकिन, इस मामले में सीएमएचओ कार्यालय के जवाबदार अंजान है। उनका कहना है कि बड़े अस्पताल में टीम गई होगी। जबकि बड़े अस्पताल में नर्सिंग कॉलेज के संबंध में कोई कनेक्शन ही नहीं है। बड़े अस्पताल प्रबंधन भी किसी टीम के आने से इंकार कर रहा है।

### इनका कहना...

सीबीआई या कोई अन्य टीम के सदस्य सीएमएचओ कार्यालय नहीं पहुचे हैं। संभव है कि वह नीचे बड़े अस्पताल आए होगे।

**सतीश गौड़, प्रभारी सीएमएचओ**

### अस्पताल नहीं आए...

मुझे टीम के आने के संबंध में कोई पत्र नहीं मिला है। बड़े अस्पताल में कोई टीम नहीं आई है।

**डॉ डीके शर्मा, सिविल सर्जन, बड़ा अस्पताल मंदसौर**

## फूल माली समाज को नपती कर सुपुर्द की अन्य जगह जमीन

### पशुपतिनाथ क्षेत्र में स्थित धर्मशाला को हटाने के विरोध में एक दिन पूर्व धरने पर बैठे थे समाजजन, उप मुख्यमंत्री व सांसद ने दिया था आश्वासन





**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** धर्मशाला तोड़ने से पहले जमीन प्रदान करने की मांग को लेकर चल रहा माली समाज का विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया। प्रशासन ने शुक्रवार को मंदसौर पशुपतिनाथ क्षेत्र, सर्वे नम्बर 46 बावड़ी कला पर करीब 15 आरी जमीन नपती कर फूलमाली समाज को सुपुर्द कर दी। जानकारी के अनुसार मंदसौर पशुपतिनाथ लोक निर्माण को लेकर फूलमाली धर्मशाला को भी तोड़ा जाना है, लेकिन समाज के अन्य जगह भूमि दिए बगैर ही गुरुवार को मंदसौर प्रशासनिक अमला धर्मशाला को तोड़ने पहुंचा तो माली समाज ने जमकर विरोध किया, समाजजन धर्मशाला के यहीं पर धरना लगाकर बैठ गए।

समाजजनों का कहना था कि जब तक प्रशासन अन्य जगह जमीन नपती कर नही देता तब तक धरना जारी रहेगा। बाद में फूलमाली समाज चोखरा पंचायत के अध्यक्ष मुकेश जादव, पिपलियामंडी नगर परिषद् अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व सांसद सुधीर गुप्ता को मामले से अवगत कराया था। गुरुवार को शाम धरना दे रहे माली समाज के पदाधिकारियों के बीच सांसद सुधीर गुप्ता पहुंचे, गुप्ता ने आश्वासन दिया कि आपको अन्य जगह जमीन प्रदान कर दी जाएगी, इसकी प्रक्रिया चल रही है, आप धरना हटा लो, हम पशुपतिनाथ क्षेत्र में ही आपको धर्मशाला के लिए जमीन प्रदान कराएंगे। सांसद के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हो गया। शुक्रवार को मंदसौर प्रशासन के आदेश पर राजस्व निरीक्षक विकास चौहान व पटवारी जसपाल रावत ने सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया व फूलमाली समाज संगठन के पदाधिकारियों के समक्ष जमीन की नपती की। जिसमें पशुपतिनाथ क्षेत्र के बावड़ी कला में सर्वे नम्बर 46 पर करीब 15 आरी जमीन की नपती कर माली समाज के सुपुर्द की। इस अवसर पर मंदसौर, नीमच, रतलाम व चित्तौड़गढ़ जिले के समाजजन उपस्थित थे।




# शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल आवश्यक-विधायक जैन

## सीए शाखा ने विद्यार्थियों के लिये आयोजित की खेल स्पर्धाएं

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** खेलों से शारीरिक विकास तो होता ही है, साथ ही मानसिक विकास में भी खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। बैडमिंटन खेलते वक्त शटल हमारे पास आती है, उसके पहले ही हमें किस प्रकार शॉट मारना है, यह तैयारी मन ही मन कर लेनी होती है। इसी प्रकार शतरंज में हमें अपनी चाल चलने से पहले यह विचार कर लेना होता है कि इस चाल के बदले में सामने वाला प्रतिद्वंद्वी कौन सी चाल चलेगा और उसका जवाब हमें क्या देना है। इस प्रकार से खेल हमारी तत्काल निर्णय लेने की क्षमता में अभिवृद्धि करते हैं।

उक्त विचार मन्दसौर विधायक श्री विपिन जैन ने मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा विद्यार्थियों के लिये आयोजित खेल स्पर्धा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी श्री अजय लोढ़ा ने कहा कि निरोगी जीवन जीने के लिये हमें किसी न किसी खेल को अपनी दिनचर्या का अंग बना लेना चाहिये। खेल के मैदान पर हमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सीखने को मिलती है, जो हमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मददगार सिद्ध होती है। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्री पवन पोरवाल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं से विद्यार्थियों का आपसी परिचय घनिष्ठ होता है और वे एक दूसरे की परवाह करना सीख जाते हैं, जो उन्हें आगे परिवार को चलाने में सहायक सिद्ध होती है। मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने ब्रांच द्वारा आयोजित की जा रही खेल प्रतिस्पर्धाओं की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज की। इन स्पर्धाओं के आयोजन में सीए अर्पित नागदा, सीए सुबोध सिंहल, सीए रोहन सोमानी, सीए अर्पित मेहता का सराहनीय सहयोग रहा।

**यह रहे विजेता–** शतरंज स्पर्धा में अर्जव प्रथम व प्रणव द्वितीय स्थान पर रहे। केरम प्रतियोगिता में मुकुल व अनास प्रथम तथा किसलय व अविरल द्वितीय स्थान पर रहे। युवाओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिमेश बाबानी प्रथम व कार्तिक पोरवाल द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रेक्षा बाफना प्रथम व स्वास्ति शर्मा द्वितीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# जीवन में प्रसन्नता के लिए योग का माध्यम ही सर्वश्रेष्ठहैं –योग गुरु जैन

## श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में सतगुरु टेऊंराम चालीहा महोत्सव का हो रहा है आनन्द





**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** सिन्धी हिन्दू समाज की प्रमुख धर्मपीठ श्री प्रेमप्रकाश पंथ की प्रमुख धर्मपीठ मदसौर शाखा श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में सनातन धर्म के प्रवर्तक मंगलमूर्ति आचार्य सदगुरू स्वामी टेउँश्राम महाराज के 138 वें जन्म दिवस के अंतर्गत 1 जून से 11 जून तक सद्गुरू टेउँश्राम चालीहा महोत्सव के अन्तर्गत बड़े ही श्रद्धा, समर्पण, उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक गुरू दरबार श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में संगत उमड रही है और महिला मण्डल की प्रमुख श्रीमती पुष्पा पमनानी व महिला मण्डली प्रेमप्रकाश ग्रंथ एवं श्रीमद् भगवत गीता की अमृतमयी वाणी के सत्संगो कि वर्खा कर रही है।

इस आशय की जानकारी श्री प्रेमप्रकाश सेवा मण्डली के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शिवानी ने देते हुए बताया कि चालिहा महोत्सव के अन्तर्गत 28वें दिवस सिन्धु महल के झूलेलाल धाम मन्दिर में तो 31वें दिवस भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में नमः शिवाय एवं सतनाम साक्षी के उदघोष के साथ दादी पुष्पा पमनानी के साथ महिला मण्डली ने संगत की सत्संग के माध्यम से प्यास बुझा दी तो वहीं 3 जून व चालिहा महोत्सव के 33 वे दिवस गुरू दरबार के सत्संग हाल में खचाखच संगत को सत्संग के साथ-साथ दशपुर योग संस्था के संस्थापक अध्यक्ष योग गुरु श्री सुरेन्द्र जैन का प्रेरणा दायक उद्बोधन मिला। आपने मानव जीवन में योग के महत्व को अत्यंत ही सरल भाषा में समझाया और कहा कि आपको अपने जीवन सहज रहना चाहिए परम परमात्मा ने प्रत्येक प्राणी,को अपने जीवन में सहन शक्ति प्रदान की है, आपको केवल उसकी पहचान कर कद्र करना चाहिए। आपको हमेशा अपने आप से प्रसन्न रहना चाहिए इसके लिए योग का माध्यम ही सरल, सहज व श्रेष्ठ है। योग गुरु श्री सुरेन्द्र जैन द्वारा नगर में योग के माध्यम से अपनी सेवाओं के लिए आपकि उपस्थिति संगत ने प्रसंशा कि और दादी पुष्पा पमनानी ने श्रीमती सोरभ व सुरेन्द्र जैन को आशीर्वाद कि पखर प्रसाद देकर सम्मानित किया व संस्था के उपाध्यक्ष जितेश फरक्या व प्रिया फरक्या, कोषाध्यक्ष प्रीति जैन, सचिव लोकेंद्र जैन का भी सम्मान कर स्वागत किया। दादी पुष्पा पमनानी ने अपने मुखारविंद से अपनी अमृतमयी वाणी में कहा कि युग पुरुष सतगुरु स्वामी टेऊराम जी महाराज का चालीहा उत्सव के शुभ दिवस चल रहे है। इन दिनों में संगत के श्रद्धालु सदगुरू व भगवान की कामना करके जो भी आराधना, साधना व तपस्या करते है वो अवश्य पूर्ण होती है। टेउँश्राम जी महाराज की माता कृष्ण ने भी साधुओं के वेश में पधारे, भगवान के वरदान से 40 दिवस तक भगवान शिवशंकर के प्रति व्रत रखकर आराधना की थी कि योगिया मेरी कोख से का अवतार हो उसका परिणाम था कि भगवान स्वरूप टेउँश्राम महाराज का अवतार हुआ। देश के विभाजन के पूर्व गिनती के 3-4 आश्रम ही थे किन्तु आज हमारी दूसरी बादशाही सद्गुरू स्वामी सर्वानन्द महाराज की तपस्या व मेहनत का परिणाम है जो देश विदेश के हर प्रमुख शहर में श्री प्रेमप्रकाश आश्रम की शाखा है और सनातन धर्म का खूब प्रचार कर पंथ का डंका गूंज रहा है। आपने संगत को 40 दिवस में गुरू आराधना से मानव सेवा नर नारायण सेवा, लोभ व अहंकार त्यागने की प्रेरणा दी। आभार प्रदर्शन जेठानंद, हरीश होतवानी एवं पुरुषोत्तम भावनानी ने प्रकट किया।

**151 परिवारो में श्री प्रेम प्रकाश ग्रन्थों का चल रहा है पाठ–** श्री प्रेमप्रकाश सेवा मण्डली के अध्यक्ष पुरूषोत्तम शिवानी ने बताया कि 138 वें जन्मोत्सव पर पंचम पिठाध्वेश्वर स्वामी भगतप्रकाशजी महाराज की आज्ञा, आशीर्वाद एवं प्रेरणा से मंदसौर में 151 परिवारों ने अपने-अपने निवास स्थानों पर श्री प्रेम प्रकाश ग्रन्थों की स्थापना की है। प्रतिदिन अपने परिवार के साथ इकट्ठा बैठकर सामूहिक श्रवण कर रहे है। 11 जुलाई को आचार्य टेउँश्राम महाराज के 138वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 151 श्री प्रेम प्रकाश ग्रन्थों कि सामूहिक भोग सम्पन्न होगा।

## अनुराग जनजागरण पदयात्रा कल

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** जल संवर्धन, स्वच्छता, व पर्यावरण के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 7 जुलाई 2024, रविवार को प्रात: ठीक 8.30 बजे पोस्ट ऑफिस, अफीम गोदाम रोड, नई आबादी से प्रारम्भ होकर गुरुद्वारा रोड, ओमप्रकाश पुरोहित मार्ग, केशवप्रकाश विद्यार्थी मार्ग, दत्त मंदिर, पंडित मदनलाल जोशी सभागार मार्ग एवम कम्बल केंद्र क्षेत्र में भ्रमण करेगी।

पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रात: 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल पोस्ट ऑफिस, अफीम गोदाम रोड, नई आबादी, मंदसौर पर पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।

## डेंगू मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण हेतु अंर्तविभागीय बैठक 8 को

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्या एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंदसौर द्वारा बताया गया कि डेंगू मलेरिया जैसी बीमारीयों का संक्रमण के नियंत्रण के लिए बैठक आयोजित की गई है। बैठक 8 जुलाई को सुशासन भवन नवीन कलेक्ट्रेट सभागृह में टी.एल बैठक के पश्चात आयोजित की जाएगी।

# वैश्य महासम्मेलन द्वारा घर-घर जाकर सदस्यता देने के अभियान का श्री गणेश प्रांताध्यक्ष गुप्ता ने किया

## समाजसेवी हरीश विजयवर्गीय, नेम गांधी एवं विजय चौधरी ने सदस्यता ग्रहण की



**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता द्वारा वैश्य महासम्मेलन की सदस्यता अभियान में अनूठा प्रयोग आरंभ करते हुए घर-घर जाकर वैश्य महासम्मेलन की सदस्यता देने के अभियान का श्री गणेश भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर से किया। श्री गुप्ता ने मंदसौर में रामटेकरी स्थित समाज सेवी श्री हरिश विजयवर्गीय, मेघदूत नगर स्थित उद्योगपति श्री नेम कुमार गांधी, तथा व्यवसायी श्री विजय चौधरी (चम्बल रेडियो) के निवास पर जाकर उन्हें श्रीमान श्रीमती सहित वैश्य महासम्मेलन की सदस्यता प्रदान कर वैश्य परिवार से जोड़ा। प्रांताध्यक्ष श्री गुप्ता के साथ वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री जगदीश अग्रवाल गरोठ, संभागीय अध्यक्ष संतोष चोपड़ा नीमच ,मंदसौर जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल ,जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र चौधरी एवं युवा इकाई संभाग प्रभारी अमित मारवाड़ी भी थे।

इस अवसर पर श्री गुप्ता ने तीनों परिवारों से सम्पर्क कर कहा कि 1980 में श्री बनारसीदास गुप्ता ने संकल्प लिया था बनियों की रक्षा कोई कर सकता है तो वह बनियों का संगठन ही करेगा। आने वाला समय हमारे लिए चुनौती पूर्ण है। हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि हम संगठन की निरंतरता बनाए रखेंगे। संगठन में जंग नहीं लगना चाहिए। इसलिए वैश्य महासम्मेलन ने मध्य प्रदेश में पंचायत स्तर तक अपने संगठन को पहुंचाया है और अब घर घर जाकर वैश्य महासम्मेलन परिवार से जोड़ने का बीड़ा उठाया है जिसकी शुरुआत मंदसौर से की गई है। वैश्य महासम्मेलन परिवार से जुड़ने के बाद हरीश विजयवर्गीय , नेम गांधी एवं विजय चौधरी ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन संगठन की गतिविधियां मंदसौर जिले में निरंतर हमको देखने को मिलती है। लेकिन आज इस परिवार से जुड़कर जो अनुभूति हुई वह जीवन भर यादगार रहेगी। सामाजिक संगठन तो अनेक है लेकिन वैश्य महासम्मेलन एक संगठन नही बल्कि परिवार की अनुभूति प्रदान करता है। तीनों के निवास पर श्री गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। प्रांताध्यक्ष ने भी नवीन सदस्यता लेने वाले तीनों परिवार के श्रीमान श्रीमती का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया।

## संत रविदास स्वरोजगार योजनांतर्गत करें आवेदन

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** कार्यपालन अधिकारी अ.स.वि.स. मंदसौर ने बताया कि संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 18 वर्ष से 40 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतीयों को स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने हेतु परियोजना इकाई लागत सेवा एवं व्यवसाय हेतु रु. 1 लाख से रू 50 लाख एवं उद्योग इकाई हेतु रु. 1 लाख से रू 50 लाख तक का ऋण बैकों के माध्यम से वितरीत किये जायेगें। जिस पर 05 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 07 वर्षो तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय एंव राशि) की शर्त पर निगम द्वारा दिया जायेगा। गारंटी फीस म.प्र. शासन द्वारा देय होगी। आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाईट – http://samast.mponline.gov.in पर भरे जा सकते है। विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालय जिला अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. मन्दसौर संजय गांधी उद्यान के पास तथा दुरभाष क्र. 07422-241558 व 9584525557 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

# फसल बीमा योजना से संबंधी शिकायतों का किया निराकरण

**नीमच, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में शुक्रवार को किसान कल्याण तथा विकास विभाग जिला स्तरीय शिकायत निवारण संवैधानिक समिति (डी.जी.आर.सी.), कृषि अधोसंरचना निधि (ए.आई.एफ.), कृषक उत्पादक संगठ्न (एफ.पी.ओ.), की जिला स्तरीय मानीटरिंग समिति(डी.एम.सी.), आत्मा गवर्निंग बोर्ड, (जीबी.) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय शिकायत निवारण संवैधानिक समिति (डी.जी.आर.सी.), बैठक में फसल बीमा संबंधी छह शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण किया गया। कृषि अधोसंरचना निधि (ए.आई.एफ.), की समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों को निर्देशित किया गया कि, संबंधित विभाग अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित कराने हेतु प्रकरण तैयार करवाकर योजना का लाभ दिलाए। कृषक उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.), की समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि, जिले में पूर्व से कार्यरत 14 एफ.पी.ओ. को कृषि आदान संबंधी लायसेंस, मण्डी लायसेंस, एफ.ए.एस.एस.आई. के लायसेंस तथा ऑन लाईन मार्केटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, उप संचालक कृषि श्री बी.एस.अर्गल, उप संचालक उद्यानिकी श्री अतरसिह कन्नौजी, कृषि वैज्ञानिक व अन्यि अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे।

## आनंद मंगल मांगलिक भवन परिसर में शिव पंचायत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन कल



**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** श्री दीन अनाथ अन्नक्षेत्र न्यास समिति द्वारा नरसिंहपुरा राम टेकरी रोड पर नरसिंह घाट अखाड़े के सामने संचालित आनंद मंगल मांगलिक भवन परिसर में मंदिर का नव निर्माण करवाया गया जिसमें भगवान श्री शिव पंचायत परिवार की प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 7 जुलाई रविवार को विधि विधान से प्रात 8.30 से 11.30 बजे तक किया जाएगा। तत्पश्चात हवन की पूर्णाहुति होगी।

इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका भगवान श्री गणेश जी के दरबार में अर्पित कर कार्य का श्री गणेश किया गया । इस आशय की जानकारी देते हुए श्री अन क्षेत्र न्यास समिति द्वारा बताया गया कि शिव पंचायत प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य जजमान समाजसेवी श्री प्रहलाद रामगोपाल काबरा तथा श्री प्रहलादचंद्र,भाई कल्याणमल श्यामसुंदर मित्तल परिवार है । मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में होने वाला समस्त व्यय समिति के ट्रस्टीगण द्वारा किया जाएगा। श्री अन्न क्षेत्र न्यास समिति के अध्यक्ष शांतिलाल बड़जात्या, उपाध्यक्ष रमेशचंद चीचानी, सचिव सुनील बंसल ,सहसचिव अजय मित्तल, कोषाध्यक्ष राजेश डोसी, संरक्षक जवाहरलाल जैन, जगदीश सेठिया ,विजेंद्र कुमार सेठी ,मोहनलाल मंडोवरा, प्रहलाद काबरा , ट्रस्ट्री गण सुधाकांत गर्ग ,नरेंद्र अग्रवाल, पवन कुमार अजमेरा, नंदकिशोर अग्रवाल तथा विशेष आमंत्रित सदस्य अशोक गुप्ता, संजय लोढ़ा, पंकज पारीक ,एडवोकेट नवीन कोठारी ने धर्म प्रेमी महानुभाव और मातृशक्ति से 7 जुलाई रविवार को शिव पंचायत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सपरिवार भाग लेने का अनुरोध किया।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया



**भानपुरा, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** नगर परिषद भानपुरा एवं सीएम राइज स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम राइज स्कूल परिसर एवं टेंचिंग ग्राउंड परिसर में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अतर्गत पौधारोपण किया गया। शुक्रवार 5 जुलाई को नगर परिषद भानपुरा एवं सीएम राइज स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में विधालय परिसर में एवं टेंचिंग ग्राउंड परिसर में पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर जाकिर शेख, प्रेस क्लब अध्यक्ष हरिकृष्ण मरमट , पार्षदगण सुभाष बागड़ी, रोडुलाल चारण, विधायक प्रतिनिधि राजू वधवा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशफाक मोहम्मद खान, संस्था के प्रभारी प्राचार्य प्रेमचंद अहीर, उपयंत्री शिवानी परमार, शिक्षक अनिल मरमट, भीमसेन वधवा, दिलीप राठौर, संयुक्ता कलवाडिया, सुनिता समेरिया, लोकेश जांगड़े, नगर परिषद कर्मचारी गण दरोगा रजाक अगवान, अंतिम कलोसिया, अजय राठोर, सूरज पटीदार, निषाद धरकर, तरुण शर्मा, हर्ष पंवार, जगदीश राठौर आदि ने पौधारोपण किया। इस दौरान नगर परिषद भानपुरा के कर्मचारीगण एवं विद्यालय के शिक्षक शक्षिकाएं उपस्थित थे।

# गौशाला में अव्यवस्थाओं से रोज गौमाता की हो रही मौत

## हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण, इलाज करने वाले डॉक्टर नहीं कर रहे समय पर इलाज, रात भर अंधेरे में डूबी रहती है नौलखा बीड़ की गौशाला, कलेक्टर के हस्तक्षेप के बिना नहीं सुधरेगी व्यवस्था





**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गौमाता को लेकर गंभीर है और कलेक्टर एसपी को सख्त निर्देश देते हुए गौ तस्करी रोकने और गौशालाओं में हालत सुधारने के निर्देश दिए हैं। शिकायत मिलने पर हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी चैतन्य सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह गेहलोद एवं कार्यकर्ताओं ने नौलखा बीड़ कि गौशाला का निरीक्षण किया। सूचना के साथ हिन्दू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष के पास एक वीडियो आया था जिसमें गौशाला में छह गौमाता कि मौत होना पाया गया। हिन्दू युवा वाहिनी कि टीम गौशाला पहुंची और गौशाला से जुड़े संजय लोडा को भी बुलाया। संजय लोडा ने सभी की बात सुनी और अपनी पीड़ा बताई कि गौशाला में मात्र ढाई घंटे लाइट आती है। रात भर गौशाला अंधेरे में डूबी रहती है। रात में अंधेरा होने और बारिश होने पर गौमाता इधर उधर भागती होगी जिससे आपस में टकराने से भी घायल हो जाती है या मौत हो जाती है। रात में गौशाला का कर्मचारी अपने परिवार के साथ रहता है जिसे जहरीले जानवरों को खतरा बना रहता है।

**डॉक्टरों की मक्कारी से अधिक मौत हो रही–** संजय लोडा ने बीमार गायों के इलाज के लिए डॉक्टरों को फोन लगाए लेकिन डॉक्टरों कि बहानेबाजी जारी रही। समय पर इलाज करने डॉक्टर नहीं आ रहे इससे गायों की रोज मौत हो रही है। बाद में एक कंपाउंडर आया जो अपनी गलती छुपाने के लिए बातें बनाता रहा। कंपाउंडर ने बिना जांचे गायों और बछड़ों को इंजेक्शन ठोकना शुरू कर दिए। क्योंकि बेजुबान जानवर बोल नहीं सकते इसलिए पशु चिकत्सालय और गौशाला में गौमाता का इलाज अंदाज मार ही किया जाता है। जबकि लाखों रुपए तनख्वाह लेने वाले डॉक्टरों को जांच कर इलाज करना चाहिए। डॉक्टर इंगोले की इसमें सबसे बड़ी लापरवाही है जो डॉक्टरों को समय पर गौशाला नहीं भेजता। इस पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को संज्ञान लेना चाहिए। गौशाला में एक कमी दिखाई दी कि छोटे बछड़ों के पानी पीने कि व्यवस्था नहीं है। बड़ी होद में पानी भरा जाता है और छोटे बछड़े उसमें पानी नहीं पी पाते क्योंकि होद तक उनका मुंह ही नहीं पहुंचता है। इस पर संजय लोडा ने व्यवस्था करने कि बात कही। इस मामले को लेकर हिन्दू युवा वाहिनी पदाधिकारी जिला कलेक्टर से मिलकर व्यवस्था सुधारने की मांग करेंगे।


दिनांक 06 जुलाई 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे– ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**क्या आप जानते है..?**



✲ जन्मकुंडली मे शुभ स्थिति मे बैठा गुरु जहाँ देखता है। उस भाव से सम्बंधित परिणाम कि शुभता मे वृद्धी करता है। तथा अशुभ स्थिति मे बैठा शनि जहाँ देखता है उस भाव से संबंधित परिणाम कि अशुभता मे वृद्धी करता है।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720


## भानपुरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कल

**भानपुरा, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** क्षेत्र में कई धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं लगातार विभिन्न प्रकार के मानव एवं जीव मात्र की सेवा के लिए कार्य करती रहती हैं, इसी श्रृंखला में आने वाली 7 जुलाई रविवार को भानपुरा में मानव सेवा हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन दीपक माली सर मित्र मंडल के द्वारा किया जा रहा है, यह आयोजन माली सर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में श्री हरकचंद चौरडिया कॉलेज के पास न्यू टारगेट एकेडमी की लाइब्रेरी में किया जाएगा। जिसमें रक्तिमा ब्लड बैंक भवानीमंडी राजस्थान के द्वारा सुबह 10 बजे से रक्त संग्रह किया जाएगा। दीपक माली सर से विशेष चर्चा में उन्होंने बताया कि रक्तदान एक महादान है इसे करने से शरीर को कई प्रकार की बीमारियों से बचाया जा सकता है,रक्तदान से आपका कोलेस्ट्रॉल कम होकर हार्ट अटैक, ब्लड शुगर जैसी बीमारियों का खतरा तो कम होता ही है, किसी की निराश हुई जिंदगी पुन: संवर जाती है, उपयुक्त जानकारी दीपक माली सर के द्वारा दी गई।

**कार्यालय म.प्र. जन अभियान परिषद मंदसौर**

(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन)

पुराना कलेक्ट्रेट, कोर्ट परिसर मंदसौर (म.प्र.)

**//विज्ञप्ति//**

म.प्र. जन अभियान परिषद् द्वारा नवांकुर योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु लीड एन.जी.ओ. के रूप में जिले के विकासखंड सीतामऊ में 01 स्वैच्छिक संगठन (सेक्टर-3 हेतु) परिषद के साथ जुड कर कार्य कर रही प्रस्फुटन समिति व स्वयंसेवी संगठन का निर्धारित मापदण्डों के अनुसार चयन किया जाना है। चयनित संस्था को परिषद द्वारा प्रतिवर्ष राशि रू. 1.00 लाख की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करा कर लीड स्वैच्छिक संगठन के रूप में विकसित किया जाना है।

संभाग समन्वयक, म.प्र. जन अभियान परिषद की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा संस्थाओं का चयन किया जावेगा। योजना का विवरण, चयन प्रक्रिया एवं आवेदन फार्म परिषद के जिला कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। पूर्णत: भरे हुये आवेदन समस्त दस्तावेजों सहित दिनांक 06 जुलाई 2024 से 12 जुलाई 2024 को कार्यालयीन दिवस में सायं 06:00 बजे तक स्वयं या रजिस्टर डाक से संबंधित जिला कार्यालय/विकासखंड कार्यालय में जमा किये जा सकते है।

जिला समन्वयक
म.प्र. जन अभियान परिषद जिला मंदसौर

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 29 | 2361 | 2421 |
| उडद | 1 | 7500 | 7500 |
| सोयाबीन | 4100 | 3510 | 4560 |
| गैहु | 4100 | 2585 | 3121 |
| चना | 215 | 5700 | 6453 |
| मसुर | 120 | 54000 | 6250 |
| धनिया | 110 | 5051 | 7151 |
| लहसुन | 12100 | 8000 | 23700 |
| मैथी | 350 | 4500 | 6150 |
| अलसी | 626 | 5550 | 6080 |
| सरसो | 313 | 4900 | 5409 |
| तारामीरा | 1 | 4490 | 4490 |
| इसबगोल | 58 | 11000 | 12810 |
| प्याज | 2040 | 800 | 2951 |
| कलोंजी | 40 | 14790 | 19200 |
| डॉलर | 6 | 4799 | 9780 |
| तिल्ली | 114 | 10000 | 12400 |
| मटरसुखी | 1 | 1700 | 1700 |
| असालीया | 40 | 9200 | 10180 |

# मुख्यमंत्री व्दारा प्रदेश की 1.29 करोड़ बहनों के खातें में 1574 करोड़ की राशि अंतरित

**नीमच, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव व्दारा छिपरी धाम जिला टीकमगढ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शुक्रवार को प्रदेश की 1.29 करोड बहनों के खाते में लाडली बहना योजना के तहत 1574 करोड रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ.विरेन्द्र कुमार, सांसद श्री बीडी शर्मा एवं संत श्री रावतपुरा सरकार महाराज उपस्थित थे।



इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के हितग्राहियों को 1630 करोड की राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 55 लाख हितग्राहियों को 330 करोड की राशि एवं गैस सिलेण्डर रिफलिंग योजना के तहत बहनों को 41 करोड रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। टीकमगढ जिले के छिपरी से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वेबकास्टिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। जिला पंचायत नीमच, एनआईसी कक्ष नीमच एवं जनपद नीमच तथा सभी जनपद एवं पंचायतों में इस कार्यक्रम का जनप्रतिनिधियों और हितग्राहियों की उपस्थिति में सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं हितग्राहियों ने छिपरी से मुख्येमंत्री डॉ.मोहन यादव के उदबोधन को देखा व सुना। जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्ज्नसिह चौहान, कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, विधायक प्रतिनिधि श्री हेमंत हरित एवं जिला अधिकारियों और हितग्राहियों ने छिपरी से मुख्यमंत्री डॉ.यादव के कार्यक्रम को देखा व सुना।





# जिले की 2 लाख 67 हजार लाड़ली बहनों को 32 करोड़ 43 लाख रुपए का हितलाभ प्रदान किया

## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के 2 लाख 50 हजार किसानों को 50 करोड़ का हितलाभ दिया, उज्जवला गैस के 1 लाख 33 हजार हितग्राहियों को 6 करोड़ 23 लाख का दिया हितलाभ

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** सबल महिलाएं, समृद्ध अन्नदाता पर आधारित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम टीकमगढ जिले से ग्राम छिपरी से आयोजित किया गया। जिसका प्रसारण को कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में देखा और सुना गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के साथ-साथ जिले की मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, उज्जवला गैस योजना जेसी महत्वपूर्ण योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किया। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, मंदसौर एसडीएम श्री एसएल शाक्य, महिला बाल विकास अधिकारी श्री पीसी चौहान, अन्य सभी अधिकारी, कर्मचारी, बडी संख्या में लाड़ली बहना, हितग्राही मौजूद थे।

लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले की 2 लाख 67 हजार लाड़ली बहनों को 32 करोड 43 लाख रुपए का जुलाई माह का हितलाभ प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की प्रथम किश्त जिले के 2 लाख 50 हजार किसानों को 50 करोड का हितलाभ दिया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं तथा गैर पीएम उज्ज्वला योजना श्रेणी में लाडली बहना के हितग्राहियों को माह मार्च 2024 के लिए देय गैस रिफिल अनुदान राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया किया। जिसमें जिले के 1 लाख 33 हजार हितग्राहियों को 6 करोड 23 लाख का हितलाभ दिया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत जिले के 1 लाख 17 हजार हितग्राहियो को 7 करोड 9 लाख रुपए की किश्त का अंतरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा कहा गया कि आज बहनों का दिन है। देश और दुनिया में मध्य प्रदेश ही एकमात्र ऐसा प्रदेश है। जहां पर महिलाओं के लिए आर्थिक सबलता का काम किया जा रहा है। महिला का सशक्त होना परिवार का सशक्त होना होता है। उस से ही परिवार सशक्त होता है। जब परिवार सशक्त होता है, तो उससे प्रदेश सशक्त होता है और प्रदेश से देश सशक्त होता है। देश की आजादी में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने लाडली बहनों से कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी पेड लगाए। सभी बहने 4 पेड लगाने का लक्ष्य ले। वे बच्चों को अच्छे संस्कार दे। बच्चों को मर्यादाओं का पालन करना सिखाए। हम सभी को पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए।

जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार द्वारा कहा गया कि नारी शक्ति ही समाज को शक्तिशाली बना सकती है। मध्य प्रदेश की योजनाओं से महिला सशक्तिकरण हो रहा है। सभी योजनाएं मध्य प्रदेश में सुनियोजित तरीके से क्रियान्वित हो रही है। आज महिला और पुरुषों में कोई भेदभाव नहीं रहा है। आज लिंगानुपात में भी महिलाओं की संख्या बढ़ रही है।

नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी गुर्जर द्वारा कहा गया कि मुख्यमंत्री ने सभी बहनों को घर जैसा स्नेह दिया है। सभी को लगातार लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने सभी बहनों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रदान की।

## दो साल में खत्म हो जाएगा वेटिंग का झंझट, तैयार होंगे दस हजार नॉन-एसी कोच



**नई दिल्ली, 05 जुलाई।** अब लोगों का ट्रेन में सफर आरामदायक होगा। इसके लिए भारतीय रेलवे ने योजना तैयार की है। रेलवे ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दो सालों में करीब दस हजार नॉन-एसी कोचों के निर्माण को मंजूरी दी है।

इंडियन रेलवे ने 2024-25 और 2025-26 में 99929 गैर-एसी कोच बनाने की प्लानिंग को परमिशन दे दी है। इनमें से 4485 नॉन-एसी कोच वित्त वर्ष 2024-25 में बनाए जाएंगे। अगले साल 5444 कोच तैयार किए जाएंगे। नए कोचों की संख्या में जनरल कोच की हिस्सेदारी एक तिहाई से अधिक होगी। इसकी जानकारी रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को दी।

**2500 सामान्य कोच का होगा निर्माण**–उन्होंने कहा कि विशेष अभियान के तहत 2500 सामान्य कोच बनाए जा रहे हैं। 10,000 से अधिक सामान्य कोचों के लिए स्वीकृति दी गई है। इस गर्मी के मौसम में रेलवे ने मांग को पूरा करने के लिए दस हजार से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। वैष्णव ने कहा, 'हम सेवाओं, सुरक्षा और स्वच्छता पर केंद्रित तरीके से काम कर रहे हैं। 50 और अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण किया जाएगा।'

**5300 नई पटरियां जोड़ी गई**–रेलवे मंत्री ने आगे कहा कि 150 और अमृत भारत ट्रेनों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले वर्ष 5,300 किमी नई पटरियां जोडी गई हैं। इस साल 800 किमी से अधिक पटरियां जोडी गई हैं। 'कवच' का काम तेज गति से किया जा रहा है।

# भीषण बाढ़ से असम में 56 की मौत

## एमपी-राजस्थान सहित 17 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, 05 जुलाई।** देश के कई राज्यों में भारी बारिश के चलते बाढ की स्थिति बन गई है। असम में बाढ के चलते गुरुवार को 8 लोगों की मौत हुई, जिससे अब तक मरने वालों का आंकडा बढ़कर 56 हो गया है। 29 जिलों के 21।13 लाख लोग बाढ से प्रभावित हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में आई बाढ में अब तक कुल 31 जानवरों की डूबने से मौत हो चुकी है, जबकि 82 जानवरों को बाढ से बचाया गया है।

उत्तराखंड में गंगोत्री-गोमुख ट्रैक पर चिरबासा धारा में आई बाढ के चलते उस पर बना लकडी का पुल टूट गया। इस धारा में दिल्ली के दो कांवडिए बह गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना गंगोत्री से लगभग नौ किलोमीटर दूर हुई। ग्लेशियर के पिघलने के कारण धारा का जलस्तर अचानक बढ गया था। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए 17 राज्यों- जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, उत्तरी पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, महाराष्ट्र, गोवा में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 11 राज्यों- हरियाणा, चंडीगढ, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, केरल में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**कश्मीर में हीटवेव, स्कूलों में 13 दिन की छुट्टी**–एक तरफ जहां बाकी देश मानसूनी बारिश से सराबोर हो रहा है, वहीं गर्मियों में भी ठंडी रहने वाली कश्मीर घाटी इन दिनों तप रही है। श्रीनगर हो या गुलमर्ग, सोनमर्ग हो या फिर अमरनाथ यात्रा रूट, पहली बार पूरी घाटी लू की चपेट में है। पारा लगातार 32 डिग्री से उप्र्र बना हुआ है। श्रीनगर पहली बार बीते 7 दिन से 35 डिग्री से ज्यादा तापमान झेल रहा है। गुरुवार को यह 35।7 डिग्री रहा। यह सामान्य से करीब 7 डिग्री ज्यादा है। इससे पहले 9 जुलाई 1999 को श्रीनगर में 37 डिग्री तापमान था। हीटवेव के चलते घाटी के स्कूलों में 17 जुलाई तक गर्मी की छुट्टी घोषित कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने भी हेल्थ एडवाइजरी जारी कर दी है। जिन इलाकों में 15 दिन पहले तक बहुत ज्यादा भीड थी, वहां गर्मी के चलते पर्यटक घट गए हैं। ये हालात तब हैं, जब जम्मू-कश्मीर में मानसून दस्तक दे चुका है।

# तेजगति से लापरवाहीपूर्वक पिकअप चलाकर मृत्यु कारित करने वाले आरोपी को 2 वर्ष का कारावास

**नीमच, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** श्रीमती पुष्पा तिलगांम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच ने तेजीगती से लापरवाहीपूर्वक पीकअप वाहन चलाते हुवे उसको पलटी खिलाकर एक व्यक्ति की मृत्यु कारित करने वाले आरोपी ड्राईवर सुरेशचंद्र पिता बालचंद्र डांगी, उम्र-39 वर्ष, निवासी-ग्राम किशनपुरा, थाना-सोयत, जिला आगर मालवा को धारा 304ए भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 02 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड एवं धारा 279 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06 माह के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 6 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 10 अगस्त 2018 की सुबह के 7 बजे नीमच-मनासा रोड स्थित महेश्वरी वेयर हाउस के पास की हैं। घटना दिनांक को मृतक बाबूलाल, रामेश डांगी, दुर्गाशंकर भील व बलवंत भील ग्राम काली तलाई से पीकअप वाहन में लसहून भरकर बेचने के नीमच मण्डी जा रहे थे। पीकअप वाहन को आरोपी चला रहा था। आरोपी ने पीकअप को तेजगती व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुवे पलटी खीला दिया जिस कारण बाबूलाल की पीकअप के नीचे दबकर मृत्यु हो गई। मर्ग जांच के बाद आरोपी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई तथा संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में घटना के चश्मदीद साक्षीगण सहित सभी आवश्यक साक्ष्य कराते हुवे अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया तथा आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री पारस मित्तल, एडीपीओ द्वारा की गई।

## नगर परिषद के कर्मचारियों व्दारा पौधारोपण

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** नगर परिषद पिपलिया मंडी द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधा रोपण किया गया। निकाय द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लगभग 200 पौधे नगर परिषद पिपलिया मंडी के कर्मचारी द्वारा लगाए गए। पेड पृथ्वी पर जीवन को कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, कार्बन का भंडारण करते हैं और सभी जीवों के कल्याण में योगदान करते हैं। पेड़ों का महत्व सिर्फ प्रकृति का हिस्सा होने से कहीं अधिक है, वे ग्रीनहाउस गैसों को कम करके जलवायु परिवर्तन से निपटने में सक्रिय रूप से मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त, पेड हमारी त्वचा और आंखों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करते हुए हानिकारक यूवी किरणों से सुरक्षा प्रदान करते हैंइन पर्यावरणीय लाभों के अलावा, पेड मूल्यवान संसाधनों के रूप में भी काम करते हैं। वे भोजन, ईंधन और फर्नीचर बनाने और घर बनाने के लिए लकडी जैसी सामग्री की आपूर्ति करते हैं। इसके अलावा, पेड हानिकारक गैसों को अवशोषित करके हवा को शुद्ध करने और पृथ्वी पर स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके अत्यधिक महत्व को देखते हुए, यह आवश्यक है कि हम मौजूदा पेडों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएं और अधिक पौधे लगाएं।

# लायंस क्लब ने किया पौधारोपण

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** लायंस क्लब मंदसौर ने उद्योग विभाग की इण्डस्ट्रीयल एरिया के महू-नीमच रोड पर आवंटित ग्रीन बेल्ट की धरा पर पौधारोपण जन्मदिन के नाम के संकल्प के साथ लायन नेमकुमार गांधी एवं लायन सौरभ बड़जात्या के जन्मदिन पर वृहद पौधारोपण किया गया। क्लब द्वारा यहां प्रथम चरण में 80 पौधे लगाये।



इस अवसर पर उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री दिनेश चम्पेकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण एवं वृक्षारोपण के क्षेत्र में लायंस क्लब जो कार्य कर रहा है वह प्रशंसनीय है। इस ग्रीन बेल्ट की धरा पर लायंस क्लब पौधारोपण कर हरियाली का श्रृंगार कर रहा है। आपका यह कार्यक्रम हरियाली को बढ़ावा देने और पर्यावरण को संरक्षित करने का है जो अतुलनीय है। आपने क्लब के सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर यह अभियान प्रारंभ किया है इससे इस कार्यक्रम का और महत्व बढ़ गया है। एक और शासन का मॉ के नाम पर पौधारोपण अभियान है वहीं दूसरी और लायंस क्लब का जन्मदिन के नाम पर यह अभियान है। स्वागत उद्बोधन देते हुए लायन अध्यक्ष जितेन्द्र पोरवाल ने कहा कि लायंस क्लब मंदसौर इस वर्ष के प्रथम दिन से लायन संदीप गुप्ता के जन्मदिन पर पौधारोपण प्रारंभ किया था। अब यह निरंतर चलेगा। उन्होंने कहा कि अब इस क्षेत्र में ऑक्सीजन उद्योग लग गया है। आने वाले समय में पूरे उद्योग एरिया को सीधा-सीधा लाभ मिलेगा। इस पुनीत कार्य में लायन कपिल नाहटा ने घोषणा की कि ग्रीन बेल्ट की भूमि पर रोपे गये पौधों के संरक्षण की जवाबदारी मेरी रहेगी जिसे मैं सेवाभाव से पूर्ण करूंगा। इस दौरान उद्योग विभाग की प्रबंधक श्रीमती प्रगतिसिंह भी उपस्थित थी। प्रारंभ में अतिथियों स्वागत लायन अध्यक्ष जितेन्द्र पोरवाल व सचिव सिद्धार्थ पोरवाल ने दुपट्टा पहनाकर किया। जन्मदिन वाले सदस्यों का लायन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने मंत्रोचार के साथ माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वन विभाग के श्री आर.एस. सिसौदिया, श्री चौहान व उनकी टीम का विशेष सहयोग प्राप्त होने पर उनका स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रोजेक्ट चेयरमेन लायन मुकुल मित्तल व लायन रोनित जैन ने इस कार्य की योजना बनाकर मूर्त रूप दिया। संचालन लायन विकास अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर लायन नेमकुमार गांधी, सौरभ बड़जात्या, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, सुनील बाफना, विकास अग्रवाल, विकास भण्डारी, हस्तीमल जैन, जितेन्द्र मित्तल, मनोज पोरवाल, सुभाष बग्गा, पंकज पोरवाल, प्रेमदेव पाटीदार, डॉ. विक्रांत भावसार, विजय चौधरी उपस्थित थे।

## उपस्वास्थ्य केंद्र आंत्री की एएनएम श्रीमती सोनी की वेतनवृद्धि रोकी

**नीमच, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** मुख्यर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने उप स्वास्थ्य केंद्र आंत्री में पदस्थ महिला बहुउद्देशीय कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) श्रीमती प्रमीला सोनी व्दारा जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसुति सहायता योजना के तहत हितग्राही की गलत प्रविष्टि दर्ज कर लापरवाही बरतने पर उनकी आगामी एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है, कि वे भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति ना करें।

इस संबंध में जारी आदेशानुसार एएनएम श्रीमती प्रमिला सोनी ने हितग्राही श्रीमती प्रियंका पति श्री पंकज नागदा निवासी देथल की अनमोल पोर्टल पर आरसीएच आईडी बनाते समय इनके जीवित बच्चों की संख्या दो से अधिक अंकित करवाई, जबकि वास्तव में उक्त प्रकरण में जीवित बच्चों की वास्तविक संख्या शून्य है। इस प्रकार श्रीमती प्रमिला सोनी व्दारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतते हुए पोर्टल पर जीवित बचो की संख्या संबंधी गलत प्रविष्टि दर्ज करने से उक्त प्रकरण में हितगाही को जेएसव्हाय, पीएसव्हाय का भुगतान नहीं हो पाया। हितग्राही को उक्त भुगतान नही होने से श्री पंकज नागदा व्दारा सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज करवाई गई, जो विगत 14 माह से अधिक समय तक लंबित रही तथा हितग्राही योजना के लाभ से वंचित रही। इस पर उक्त कार्यवाही की गई है।

## उधार दिए रुपए मांगे तो पीटा

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** लेन-देन के मामले में मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। दुर्गा चौक निवासी छोटेलाल खटीक ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे रिश्तेदार मनोज पिता रमेशचन्द परसंडिया से रुपए का लेन-देन है, मैंने मनोज से उधार दिए रुपए मांगे तो मनोज ने लात-घुसों से मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मनोज के खिलाफ केस दर्ज किया।

## उधार नही दिए तो पीटा, 2 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** रुपए उधार नही दिए तो पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पिपलिया अयोध्या बस्ती स्थित 88 क्वार्टर निवासी संजय गुर्जर ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि विपिन दमामी व नीतिन दमामी ने 2000 रुपए उधार मांगे, नही दिए तो गाली-गलौज कर मारपीट की। विपिन ने बीयर की बोतल फोड़कर मेरी कोहनी पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## महिला को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जोधा पिपलिया निवासी सीताबाई पति स्व. शंकरलाल सूर्यवंशी ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि घर में चूल्हे की लकडी को एक तरफ फेंक दिया था, इस दौरान प्रेमलाल पिता परतालाल सूर्यवंशी आया और बोला लकडी इधर क्यों फेंकी, प्रेमलाल ने गाली-गलौज की व लात-घुसों से मारपीट की, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया।

## ससुर को पीटा, जमाई सहित 2 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** ट्रेक्टर नही देने पर जमाई ने ससुर को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। बिल्लोद निवासी फक्कू खन पिता बुन्दु खान पठान ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि जमाई पानपुर निवासी मुबारिक पिता इंदाज खान पठान उसके मामू के लड़के इमरान पिता अन्नू पठान निवासी नाहर सैयद के साथ आया और ट्रेक्टर मांगा, मैंने ट्रेक्टर देने से मना कर दिया और बोला कि पहले भी तूने ट्रेक्टर गिरवी रख दिया था। इस बात पर दोनों ने मिलकर गाली-गलौज की व लात-घुसों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आई मेरी पत्नी जायदा बी व बहू शाबाना से भी आरोपियों ने विवाद किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## मारपीट, दोनों पक्षों पर क्रास केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के 5 लोगों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया। पिपलिया कराड़िया निवासी गेंदाकुंवर पति उदयसिंह ने नाहरगढ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि अंतरकुंवर उसका पौता शेलेन्द्रसिंह व मानदातारसिंह ने गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया। इसी तरह अंतरकुंवर पति रघुवीरसिंह राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शैतानसिंह व गेंदाकुंवर ने अकारण गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## दुर्घटना के मामले में बाइक चालक पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** दुर्घटना के मामले में पुलिस ने 13 दिन बाद केस दर्ज किया। बरड़िया (रठाजना) निवासी मुकेश पिता रामलाल वाल्मिक ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं 21 जून 2024 को मैं अपनी बाइक (आरजे 35 एसडी 4375) से कुकडेश्वर जा रहा था। इसी दौरान झारडा बस स्टेण्ड पर बाइक (एमपी 14 एमएस 0866) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। जिससे मेरे व मेरे बेटे जीवन, भुआ राधाबाई पति राजूलाल कुकडेश्वर को भी चोंटें आई। हमारा इलाज मंदसौर चल रहा था। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर केस दर्ज किया।

# हिंदू हिंसक होता तो आप लोकसभा में बयान ना दे रहे होते-चन्द्रे

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** हिंदू एक जन्मजात अहिंसा का पालन करने वाली तथा प्राणी मात्र एवं यहां तक की पेड़ पौधो तथा पत्थरों को भी पूजने वाली जाति है। यदि हिंदुस्तान में जन्म लेकर भी जो हिंदू के स्वभाव को नहीं समझ पाया ऐसे लोगों को धिक्कार है।



उक्त विचार व्यक्त करते हुए शिक्षाविद रमेशचन्द्र चन्द्रे ने कहा कि हिंदू यदि हिंसक होते तो लोकसभा में राहुल गांधी हिंदुओं के विरुद्ध इस इस प्रकार से मुंह नहीं खोल सकते थे और देश में भारत तेरे टुकडे होंगे जैसे नारे बुलंद नहीं होते। राहुल को यह बात समझना चाहिए हिंदू सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया की भावना से काम करता है तथा हिंदू धर्म में विश्व कल्याण की भावना प्रमुख है क्योंकि हिंदुओं का हृदय विशाल है तथा हिंदू देश को जोड़ने की बात करता है तोड़ने की नहीं। श्री चन्द्रे ने कहा कि इतिहास गवाह है कि ग्रीक, हूण, शक, यवन, मुगल आक्रमणकारियों को भी यह हिंदू हजम कर गया अर्थात उनके साथ इतना समायोजन एवं समन्वय किया कि वह इसी भारत में कहीं समा गए। अपनी शत्रु जाति के प्रति इतनी सहिष्णुता का व्यवहार विश्व में कहीं भी देखने को नहीं मिलता। श्री चन्द्रे ने कहा कि यह हिंदुओं की सहिष्णुता ही है कि वह अपने विरुद्ध किसी भी बयान को सहन कर जाते हैं। यदि आपकी ताकत हो और वोटो का मोह आपको नहीं हो तो एक बार अन्य धर्मों के खिलाफ बोल कर दिखाइए, आपको पता चल जाएगा कि हिंसक कौन है और अहिंसक कौन है? श्री चन्द्रे ने राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले प्रत्येक पार्टी के नेताओं से आग्रह किया है कि हिंदुओं की सहनशीलता का परिचय प्राप्त ना करें अन्यथा ढाई हजार वर्ष के निरंतर आक्रमणों के बाद एवं 1000 वर्ष की गुलामी के बाद भी ष्हिंदूष् धर्म पूरे विश्व में जीवित है, वह इस बात का प्रमाण है कि-

कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी।
सदियों रहा है दुश्मन दौरे जहाँ हमारा। क्योंकि यहां हिंदू सहिष्णु है।


## आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


**G .R.PATIDAR A DVO C AT E**
L-II, 274 Kitiyani colony, Mandsaur-458002
Mobile No. 8989703971 Email:-gangarampatidar07422@gmail.com
OFFICE: 7, Nagar Palika Market, Arya Samaj Road Mandsaur Distt. Mandsaur (M.P.)

दिनांक-02.07.2024

## **** जाहिर सूचना ****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्रीमती लीलावती पति स्व. सीताराम जी फासे एवं श्री मनोज पिता स्व. सीताराम जी फासे जाति धनगर निवासी वार्ड नंबर 12 कैलाश मार्ग मल्हारगढ तहसील मल्हारगढ जिला मंदसौर से प्राप्त माहिती एवं निर्देशानुसार सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती लीलावती के पति एवं श्री मनोज फांसे के पिता स्व सीताराम पिता पेमा जी धनगर के स्वामित्व व आधिपत्य का एक मकान जिसका मकान नंबर 28, वार्ड क्रमांक 04, जो कैलाश मार्ग ग्राम मल्हारगढ तहसील मल्हारगढ जिला मंदसौर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 141.6227 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्सीमा पुर्व में-पुनमचंद पेमा जी, पश्चिम में-रामदास चतरदास, उत्तर में - गिरजाशंकर ब्राहम्ण, दक्षिण में-रास्ता है, जो स्व. सीताराम जी ने श्रीमती हुलाराबाई पति स्व. पैमा जी धनगर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 750 दिनांक 05.09.1977 को क्रय किया था. स्व. सीताराम जी का दिनांक 29.10.2009 को स्वर्गवास होने पर उक्त मकान का नामांतरण मेरे पक्षकारगण श्रीमती लीलावती पति स्व. सीताराम जी फांसे एवं श्री मनोज पिता स्व. सीताराम जी फांसे जाति धनगर के नाम नगर परिषद मल्हारगढ द्वारा हो चुका है। उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकारगण, हीरानंदानी फाईनेंसियल सर्विस प्रा. लिमि. शाखा मंदसौर से हाउस लोन प्राप्त कर रहे है, जिसमे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का कोई बोझ भार ऋण जमानत हो तो मेरे कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय प्रमाण के उपस्थित हो अन्यथा गुजरे मियाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी और मेरी पक्षकार को हीरानंदानी फाईनेंसियल सर्विस प्रा. लिमि. शाखा मंदसौर ऋण अदा कर देवेगा।

भवदीय
जीआर पाटीदार एड.

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in